**परियोजना का नाम :-** जनपद पौडी गढवाल मे प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अर्न्तगत नौगॉव बुकण्डी मोटर मार्ग के कि0मी0 15.00 से 21.100 के नव निर्माण हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## औचित्य टिप्पणी
## JUSTIFICATION OF PROJECT

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बसावट ग्राम बुकण्डी की आबादी 522 है जो कि अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नही जुडा है। उन्नत कृषि भूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है, परन्तु यातायात की सुविधा नही होने से कास्तकारो का अपनी उपज का उचित मूल्य नही मिल पाता है, साथ ही यातायात के साधन न होने से सरकार द्वारा घोषित विभिन्न विकास कार्य भी क्षेत्र मे सुगमता पूर्वक संचालित नही हो पाते है। अन्य रोजगार के साधन न होने से बेरोजगार युवाओ का गॉव से बाहर पलायन हो रहा है। मोटर मार्ग निर्माण हो जाने से जहां युवाओ के लिए नये रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगें, वही सरकार की विकास योजनाऐं भी सुगमता से संचालित हो सकेगी ।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्र मे कास्तकारो की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त प्रकार की भूमि को वनभूमि श्रेणी मे ले लिया गया है। इस मार्ग के समरेखण मे नाप भूमि 0.63 है0, सिविल सोयम भूमि 4.86 है0 एवं मलवा निस्तारण हेतु नापभूमि 0.742 है0 प्रभावित हो रही है, जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है। वनभूमि हस्तान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

अतः 6.100 कि0मी0 लम्बाई मे ग्राम्य विकास विभाग के मानाकें के अनुसार 9.00 मीटर चौडाई मे आने वाली सिविल सोयम वन भूमि 4.86 है0 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (ग्राम्य विकास विभाग) को हस्तान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0— सिचाई खण्ड
कोटद्वार (गढवाल)

प्रभागीय वनाधिकारी
भूमि संरक्षण वन प्रभाग
लैन्सडौन (गढवाल)